ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 19-04-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-04-19 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-04-20	2024-04-21	2024-04-22	2024-04-23	2024-04-24
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	1.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	37.0	35.0	36.0	37.0	38.0
न्यूनतम तापमान(से.)	25.0	21.0	23.0	22.0	22.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	41	28	31	35	23
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	15	15	13	9	8
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	13	8	9	11	10
पवन दिशा (डिग्री)	284	28	200	234	255
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	8	5	2	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी दिनों में बादल छाए रहने के साथ 22 अप्रैल को कहीं कहीं पर हल्की वर्षा की सम्भावना है।

सामान्य सलाहकार:

रबी फसलो की कटाई का कार्य लगभग पूरा हो चूका है। अनाज बीज का भंडारण करना जरूरी है। अनाज बीज को दो दिन धुप में सुखाएं शाम को छाया में रख कर ठंडा करके भंडारित करें। भंडारण पात्र में नीम की पत्तियां रखें जिससे कीड़े की सम्भावना न हो, सल्फास पाउच का उपयोग भी कर सकते हैं।

लघु संदेश सलाहकार:

22 अप्रैल को कहीं कहीं पर हल्की वर्षा की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
कपास	किसान भाई कपास की बुवाई के लिए त्रिफाली या हैरो से दो तीन बार जुताई कर खेत तैयार करें तथा उन्नत किस्मों के बीज की व्यवस्था करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	टमाटर में फल छेदक के प्रकोप से फल सड़ जाते है जिससे उत्पादन में कमी आ जाती है। इसके नियंत्रण हेतु इंडोक्साकार्ब 5 एस.सी. 500 मि.ली. का प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।
मिर्च	किसान भाई मिर्च की फसल में रोपाई के 30 दिन बाद 35 किलो ग्राम नत्रजन प्रति हैक्टेयर की दर से सिंचाई के साथ दें।
भिण्डी	भिंडी की फसल में माईट कीट की निरंतर निगरानी करते रहें। अधिक कीट पाये जाने पर इथेयाँन 1.5-2 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	गर्मियों में शुष्क क्षेत्रों में हरे चारे की कमी हो जाती है, अतः पंजिकृत पशु चिकित्सक की सहला से प्रोटीन युक्त,उच्च पोषण वसली यूरिया-मोलसेज ईटो का निर्माण करके पशुओं को खिलाएं।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	कुष्माण्ड कुल की सब्जियों में विषाणु (मोजैक वाइरस) रोग के नियंत्रण हेतु डाइमिथोएट 30 ई.सी. की 1.0 मिली लीटर प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिडकाव करें।